दैनिक भास्कर

कुशीनगर में तहसीलदार ने की छापेमारी:साहू ब्रांड के नाम पर नकली सामान सिलाई मशीन, मिक्सर समेत अन्य उत्पाद जब्त

कुशीनगर में ब्रांडेड साहू कंपनी के नाम पर नकली उत्पाद बेचे जाने का मामला सामने आया है। हाटा तहसीलदार जया सिंह और कॉपीराइट टीम ने संयुक्त छापेमारी कर बड़ी मात्रा में नकली सामान जब्त किया है।

यह कार्रवाई हाटा कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत सुकरौली स्थित बीएल ट्रंक हाउस पर की गई। टीम को सूचना मिली थी कि दुकान पर 'साहू' ब्रांड के नाम से डुप्लीकेट सामान बेचा जा रहा है।

Source: https://www.bhaskar.com/local/uttar-pradesh/kushinagar/news/kushinagar-fake-products-seized-sahubrand-raid-137638747.html